**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

22/02/2023

**संख्या** – 03/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(आरोप)–नालंदा–33/2022 1712 **पटना, दिनांक**:–

## आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, नालंदा के पत्रांक 377–। दिनांक 13.10.2022 द्वारा मो0 शादाब, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03580) के विरूद्ध याद्दास्त लेखन कार्य में 09 माह से अधिक का समय लेने एवं अनुपस्थित रहने संबंधी कतिपय आरोप प्रतिवेदित करते हुए आरोप पत्र गठित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु भेजा गया था।

प्राप्त आरोप पत्र के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 4298 दिनांक 02.12.2022 द्वारा आरोपित से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। आरोपित द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित अवधि में समर्पित किया गया है।

आरोपित द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण का अवलोकन किया गया। अवलोकनोपरांत यह पाया गया कि आरोपित द्वारा अनुपस्थिति के संबंध में स्थिति स्पष्ट की गयी परन्तु कार्य में किए गए विलंब के संबंध में कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया है। इनके द्वारा ससमय कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है।

उपरोक्त के आलोक में स्पष्टीकरण के समीक्षोपरांत कार्य में सुधार लाने के दृष्टिगत 02 माह के मानदेय की कटौती करते हुए मो0 शादाब, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03580) को स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है। साथ ही यह चेतावनी दी जाती है कि भविष्य में सुधार नहीं लाने अथवा गलती की पुनरावृति करने पर सेवा समाप्त कर दिया जाएगा।

22/2/23

**(जय सिंह)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(आरोप)–नालंदा–33/2022 1712 **पटना, दिनांक** :– 22/02/2023

**प्रतिलिपि** :– मो0 शादाब, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03580), बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(आरोप)–नालंदा–33/2022 1712 **पटना, दिनांक** :– 22/02/2023

**प्रतिलिपि** :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(आरोप)–नालंदा–33/2022 1712 **पटना, दिनांक** :– 22/02/2023

**प्रतिलिपि** :– श्रीमती सरीता कुमारी, प्रोग्रामर को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं निदेशालय आदेश संख्या 1250 दिनांक 30.01.2023 के अनुपालनार्थ प्रेषित।

22/2/23

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप